**Sl.No. :**

नामांक **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 22**

**No. of Printed Pages – 7**

**SS–21–Hindi Lit. (D & D)**

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2024

## हिन्दी साहित्य

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## <u>खण्ड – 'अ'</u>

**1)** वैकल्पिक प्रश्न : **[2 × 1 = 2]**

i) किसी रोचक विषय का मन को अच्छे लगने वाला विस्तृत विवरण कहलाता है –

(अ) फीचर

(ब) रिपोर्ट

(स) विज्ञप्ति

(द) ब्लाग

ii) ऐसी खबरें जो अन्य खबरों की अपेक्षा अधिक महत्त्व की होती हैं, कहलाती है –

(अ) मुख्य खबरें

(ब) सुर्खियाँ

(स) गौण खबरें

(द) सामान्य खबरें

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **[2 × 1 = 2]**

i) सबसे पुराना संचार माध्यम ........... है।

ii) साक्षात्कार मुख्यतः ........... प्रकार के होते है।

**3)** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[2 × 2 = 4]**

i) एंकर बाइट का क्या अर्थ है?

ii) ब्रेकिंग न्युज किसे कहते हैं?

iii) दो सोशल मीडिया प्लेटफार्म के नाम बताइए।

**4)** इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए **[4]**

i) राजस्थान भाषा एवं साहित्य

ii) विज्ञान का जीवन में प्रभाव

iii) मेरा प्रिय कवि

iv) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

## खण्ड – 'ब'

**5)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक में लिखिए – **[3 × 1 = 3]**

i) जिस गुण के कारण कविता आसानी से तत्काल समझ आ जाती है, वह है –

(अ) ओज गुण

(ब) प्रसाद गुण

(स) माधुर्य गुण

(द) कोई नहीं

ii) यति कहते हैं –

(अ) छंद की लय को

(ब) छंद की पंक्ति में आए विराम को

(स) मात्राओं के समूह कों

(द) गणों को

iii) किस छंद के प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ तथा 16-12 पर यति होती है?

(अ) हरिगीतिका

(ब) छप्पय

(स) कुंडलिया

(द) सवैया

**6)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **[3 × 1 = 3]**

i) रस में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्व काव्य ............ कहलाते हैं।

ii) गण को याद करने का सूत्र यमाता राजभा ........... होता है।

iii) जिन छंदो में मात्राओं को गिना जाता है, उन्हें ......... छंद कहते हैं।

**7)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[2 × 2 = 4]**

i) गण कितने होते हैं? नाम लिखिए ।

ii) अर्थालंकार और शब्दालंकार की परिभाषा लिखिए ।

**8)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[2 × 3 = 6]**

i) 'आसमान रो रहा है' पंक्ति में कौनसा अलंकार हैं? उस अलंकार के लक्षण लिखिए ।

ii) विभावना अलंकार के लक्षण लिखिए ।

## खण्ड – 'स'

**9)** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[3 × 2 = 6]**

जननी निरखति बान धनुहियाँ ।

बार–बार उर नैननि लावति प्रभुजू की ललित पनहियाँ ।

कबहुँ प्रथम ज्यों जाइ जगावति कहि प्रिय बचन सवारे ।

उठहु तात! बलिमातु बदन पर, अनुज सखा सब द्वारे ।

i) कौशल्या क्या निरखती है और क्यों?

ii) कौशल्या नयनों से क्या लगाती है?

iii) राम को जगाने के लिए क्या कहती है?

**10)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[3 × 2 = 6]**

शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' में पोर्शिया अपने वर को बड़ी सुंदर रीति से चुनती है। बबुआ हरिश्चंद्र के दुर्लभ बंधु में पुरश्री के सामने तीन पेटियाँ है– एक सोने की, दूसरी चाँदी की, तीसरी लोहे की। तीनों में से एक में उसकी प्रतिमूर्ति है। स्वयंवर के लिए जो आता है उसे कहा जाता है कि इनमें से एक को चुन ले। अकड़बाज सोने को चुनता है और उलटे पैरों लौटता है। लोभी को चाँदी की पिटारी अँगूठा दिखाती है। सच्चा प्रेमी लोहे को छूता है। और घुड़दौड़ का पहला इनाम पाता है।

i) 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' में कौन अपने पति को चुनती है?

ii) स्वयंवर में आने वाले को क्या कहा जाता है?

iii) सच्चा प्रेमी कौनसी पेटी को छूता है।

**11)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक में लिखिए । **[8 × 1 = 8]**

i) राधा जीवन भर किससे तृप्त नहीं हुई?

(अ) भजन से

(ब) यमुना से

(स) कृष्ण प्रेम से

(द) वृंदावन से

ii) बारहमासा का वियोग वर्णन किस रानी से संबंधित है?

(अ) राजमती

(ब) नागमती

(स) पद्मावती

(द) लीलावती

iii) बनारस में कौनसा मौसम अचानक आता है?

(अ) वसंत

(ब) सर्दी

(स) गर्मी

(द) बरसात

iv) दीप अकेला किससे भरा हुआ है?

(अ) स्नेह और गर्व से

(ब) गुस्से से

(स) घृणा से

(द) दुख से

v) 'प्रेमधन की छाया स्मृति' पाठ के लेखक हैं –

(अ) रामचंद्र शुक्ल

(ब) भीष्म साहनी

(स) निर्मल वर्मा

(द) रामविलास शर्मा

vi) हरगोबिन ने अपने को बड़ी बहुरिया का क्या माना?

(अ) बेटा

(ब) भाई

(स) पिता

(द) दादा

vii) 'दूसरा देवदास' कहानी का कथानायक है –

(अ) संभव

(ब) मन्नू

(स) आशुतोष

(द) जगधर

viii) आम के पेड़ों से घिरे गाँव का क्या नाम है –

(अ) रायपुर

(ब) दानगढ़

(स) अमझर

(द) मानगढ़

12) 'तोड़ो' कविता में कवि क्या–क्या तोड़ने की प्रेरणा दे रहा है? **[3]**

13) सरोज का विवाह अन्य विवाहों से कैसे भिन्न है? **[3]**

14) हाथी ने खेत की फसल का बँटवारा कैसे किया? **[3]**

15) कुटज का शाब्दिक अर्थ लिखिए। **[3]**

## खण्ड – 'द'

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3 × 4 = 12]**

16) सूरदास धन संचय कर क्या करना चाहता है?

17) सूरदास की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

18) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

19) लेखक ने वर्तमान सभ्यता को खाऊ–उजाड़ू सभ्यता क्यों कहा?

20) फूल केवल खुशबू ही नहीं देते, दवा भी करते हैं। 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## <u>खण्ड – 'य'</u>

**21)** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[4 × 1 = 4]**

बार बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी।
गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी।
चिंता रहित खेलना–खाना, वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।
कैसा भूला जा सकता है, बचपन का अतुलित आनंद।
ऊँच–नीच का ज्ञान नहीं था, छूआ–छूत किसने जानी।
बनी हुई थी वहाँ झोपड़ी और चीथड़ो में रानी।

i) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii) कवयित्री को किसकी याद आती है?

iii) बचपन के अतुलित आनंद क्या थे?

iv) बचपन में किसका ज्ञान नहीं था?

**22)** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[4 × 1 = 4]**

अपने बारे में सबसे पहले जो बात सोचने की है, वह यह कि मेरा यह अधिकार है कि मैं अच्छे काम करूँ, अपने जीवन को ऊँचा उठाऊँ, मेरा कर्त्तव्य यह भी है कि जो किसी कारण अच्छे काम नहीं कर पा रहे हैं या साफ शब्दों में गिरे हुए हैं, उन्हें अपने कामों से ऊँचे उठने की प्रेरणा देते हुए भी, उन पर अहंकार का बोझ न लादूँ, क्योंकि अहंकार घृणा का पिता है और घृणा जीवन की संपूर्ण उँचाइयों की दुश्मन है।

i) लेखक के अनुसार क्या बात सबसे पहले सोचने की है?

ii) किन पर अहंकार का बोझ नहीं लादना चाहिए?

iii) घृणा का पिता कौन है?

iv) घृणा किसकी दुश्मन है?

❍❍❍❍

DO NOT WRITE ANYTHING HERE